दिन– रविवार दिनांक– 23 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत राज्य के सभी बेघरों को अगले पांच वर्ष में मिलेगा अपना घर।

02. राज्य में औद्योगिक विकास के लिए पच्चीस नवम्बर को नई दिल्ली में होगी बैठक। बैठक में उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल होंगे शामिल।

03. ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा–जिन गांवों में सड़क बनाने के लिए जमीन नहीं मिलेगी, उन स्थानों पर लीज पर भूमि लेकर बनायी जायेगी सड़क।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की आ सकती है गिरावट।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत राज्य के सभी बेघरों को अगले पांच वर्ष में अपना घर मिलेगा। ग्रामीण विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार योजना के दूसरे चरण के वित्तीर्य वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस और दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए बारह लाख चौहत्तर हजार से अधिक लाभार्थियों को आवास निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। आंकड़ों में बताया गया है कि इस लक्ष्य के अन्तर्गत सरकार ने लगभग ग्यारह लाख छत्तीस हजार लोगों को पहली किस्त दी है। साथ ही सात लाख सैंतालीस हजार से अधिक को दूसरी किस्त और तीन लाख छब्बीस हजार आठ सौ संतानवे लोगों को तीसरी किस्त की राशि का भुगतान किया गया है। इनमें से दो लाख छियालीस हजार से अधिक से लोगों ने अपने घर बना लिये हैं। इस प्रकार राज्य में लगभग उनतालीस लाख चौदह हजार से अधिक लोगों का अपना मकान बन चुका है।

---

राज्य के औद्योगिक विकास के लिए पच्चीस नवम्बर को नई दिल्ली में बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। बैठक में उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल के साथ अधिकारियों का एक दल भी इस बैठक में रहेगा। उद्योग मंत्री ने बताया कि इस दौरान प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विस्तार से चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में सेमी कन्डक्टर उद्योग लगाने पर विचार किया जा रहा है। इस उद्योग के लिए पानी की जरूरत होती, जिसकी यहां पूरी उपलब्धता है। श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार अगले एक सप्ताह में औद्योगिक क्षेत्र के विकास का रोड मैप तैयार करेगी और औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं और बाधाओं को दूर करने का प्रयास करेगी। उन्होंने

कहा कि रोजगार के अवसरों को सृजित करना और पलायन को रोकना विभाग का मूल मंत्र है।

---

नीतीश सरकार में लोजपा रामविलास कोटे से शामिल गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा है कि राज्य में बंद चीनी मिलों को शुरू करने का कार्य उनकी प्राथमिकता है। श्री कुमार ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा कि गन्ना किसानों को हर तरह की राहत दी जाएगी।

———बाइट———

---

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि जिन गांवों में सड़क बनाने के लिए जमीन नहीं मिलेगी, उन स्थानों पर ग्रामीणों से लीज पर भूमि लेकर सड़क बनायी जायेगी। पदभार ग्रहण करने के बाद मंत्री ने कहा कि छोटे टोलों को जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत यह कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य की लगभग एक लाख अठारह हजार बसावटों को ग्रामीण सड़कों से जोड़ा गया है। श्री चौधरी ने बताया कि मार्च दो हजार छब्बीस तक अठारह सौ बसावटों के लिए साढ़े चार हजार किलोमीटर लम्बी सड़कों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को औरंगाबाद के प्रसिद्ध देव के सूर्य मंदिर और मदनपुर प्रखंड के उमगा मंदिर की हेल्थ ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति राजेश कुमार वर्मा की खंडपीठ ने मामले में दायर एक लोकहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिये। पीठ ने इस मामले में बिहार सरकार को भी शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर बाईस सितंबर दो हजार पच्चीस को दैनिक उपयोग की जरूरी वस्तुओं पर लगने वाले करों की दरें कम कर दी गईं। जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत के साथ की गयी इन घोषणाओं से देश भर के लोगों को फ़ायदा हो रहा है। कपड़ा और जूता निर्माण क्षेत्र में जीएसटी की नई दरें लोगों की कैसे मदद कर रही हैं, इस पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट——

———रिपोट———

---

केंद्रीय हज समिति ने मुंबई में आयोजित बैठक में हज–दो हजार छब्बीस के लिए भारतीय हज यात्रियों के सफर को बेहतर और सरल बनाने के उपायों पर विचार–विमर्श किया। बैठक में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव डॉक्टर चंद्रशेखर कुमार ने समिति को निर्देश दिया कि वे हज यात्रियों के सभी लंबित बकाया का पचहत्तर प्रतिशत तुरंत वापस कर दे।

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी की सम्भावना जतायी है। विभाग ने अनुसार पश्चिमी हवा के प्रभाव से अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की कमी होने के आसार हैं। इसके साथ ही राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय कोहरा छाया रह सकता है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

राज्य में ठंड बढ़ने के साथ ही प्रदूषण भी बढ़ रहा है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पटना सहित अठारह जिलों की हवा प्रदूषित मिली है। पटना जिले के समनपुरा का एक्यूआई सबसे खराब दर्ज किया गया है। यहां का एक्यूआई दो सौ इक्यासी दर्ज किया गया है जबकि पिछले चौबीस घंटों के दौरान शहरों में हाजीपुर सबसे प्रदूषित रहा। परिषद के अनुसार प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण निर्माण कार्य और सड़कों की सफाई नहीं होना है। इधर, वैज्ञानिकों के अनुसार ठंड में तापमान कम होने के कारण हवा की गति कम हो जाती है जिससे प्रदूषित कण आपस में चिपकते हैं और नीचे ही रह जाते हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ता है।

---

राज्य में ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। पटना के सिविल सर्जन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि ठंड के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को हीटिंग व्यवस्था सही रखने, आवश्यक दवाओं का भण्डार सुनिश्चित करने और गम्भीर मरीजों के लिए अलग बेड बनाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सभी चिकित्सा

पदाधिकारियों को ठंड से जुड़ी बीमारियों पर दैनिक रिपोर्ट भेजने और रियल टाईम मॉनिटरिंग का आदेश जारी किया गया है। इधर, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया हैं। उन्होंने आम लोगों से आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ठंड के दौरान आम जन आपातकालीन संचालन केन्द्र पटना के दूरभाष संख्या– शून्य छह एक दो दो दो एक शून्य एक एक आठ पर सम्पर्क कर सकते हैं।

---

गंडक नदी और सोन बराज के स्वास्थ्य की जांच केन्द्रीय विशेषज्ञ करेंगे। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि पिछले दो वर्ष से नदियों में अधिक जल प्रवाह होने का कारण इन बराजों पर रिकार्ड पानी आया है। कई तटबंधों पर पानी ओवर फ्लो कर गया है। उन्होंने कहा कि विभाग के अभियंताओं ने अपने स्तर से इसकी जांच की है। इसके बाद विशेषज्ञों से सुरक्षा मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया गया है।

---

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय कल अपना नौवां दीक्षांत समारोह आयोजित करेगा। दीक्षांत समारोह का उद्घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। समारोह में तिरेसठ छात्रों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पीयूष अग्रवाल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।

---

अररिया जिले के अररिया प्रखंड अंतर्गत गैयारी पंचायत के गैयारी गांव में किसान प्रदीप कुमार यादव के खेत में धान फसल के कटनी प्रयोग का निरीक्षण अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा ने किया। बिहार राज्य फसल सहायता योजना अंतर्गत चयनित पचास मीटर के क्षेत्रफल में कटनी प्रयोग में हरा दाना का वजन इक्कीस किलो पांच सौ पैंतीस ग्राम पाया गया। उपस्थित अधिकारियों ने कटनी के बाद उपज दर तैतालीस क्विंटल सात किलोग्राम प्रति हेक्टेयर का आकलन किया।

---

औरंगाबाद जिले के बिहार–झारखंड सीमा पर पुलिस ने अस्सी करोड़ रूपये मूल्य के सांप के जहर के साथ नौ तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के रढ़िया गांव में छापेमारी के दौरान जब्त रूपये में से तीन लाख रूपये चुराने के आरोप में पुलिस ने चार सिपाहियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

---

खगड़िया जिला के चौथम अंचल अंतर्गत धुतौली मलपा पंचायत के जनवितरण प्रणाली के दुकान का लाईसेंस रद्द कर दिया गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि उपभोक्ता के साथ मारपीट करने के आरोप में यह कार्रवाई की गयी है।

---

मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र में सीसीए–थ्री के तहत हाजिरी लगाने पहुंचे युवक को पुलिस ने स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

---

वैशाली जिले के वैशाली थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक आभूषण दुकान से दस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने बीस हजार रूपये मूल्य के नकली नोट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

जमुई जिले के सोनो प्रखंड के कटराटांड़ गांव में हाथियों के झुंड ने आधे दर्जन से अधिक घरों पर हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने का प्रयास कर रही है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने जोहान्सबर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर लिखा है– आतंकवाद और ड्रग्स के गठजोड़ पर वार हो।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– एटीएम बैंक का तो दुर्घटना की जिम्मेदारी भी उसकी।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– कागज पर बिजली, किसानों को बिना कनेक्शन भेजे जा रहे बिजली बिल। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर बोले–लोग बोले थे कनेक्शन दे दिजिए, हम तार खींच कर चला लेंगे।

प्रभात खबर ने राज्य के नवनियुक्त गृह मंत्री सम्राट चौधरी के बयान को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– हफ्ते भर रूकिए, बिहार से अपराधी भागेंगे बाहर।

आज अखबार की सुर्खी है–जन सुराज पार्टी ने पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक के पार्टी संगठन को भंग किया।

राष्ट्रीय सहारा और अन्य अखबारों ने जी–20 सम्मेलन को प्रमुखता दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत राज्य के सभी बेघरों को अगले पांच वर्ष में मिलेगा अपना घर।

02. राज्य में औद्योगिक विकास के लिए पच्चीस नवम्बर को नई दिल्ली में होगी बैठक। बैठक में उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल होंगे शामिल।

03. ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा–जिन गांवों में सड़क बनाने के लिए जमीन नहीं मिलेगी, उन स्थानों पर लीज पर भूमि लेकर बनायी जायेगी सड़क।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की आ सकती है गिरावट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।